Title: Need to be alert about the spying and terrorist activities by Pakistan in the border areas of Gujarat and Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : मान्यवर उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि राजस्थान की सीमा पर, जो पाकिस्तान से लगती है, पाकिस्तान की तरफ से जासूसी गतिविधियां बहुत तेजी से बढ़ने लग गई हैं। पहले बाघ पक्षियों की टांगों में वायरलैस लगा कर इधर भेजते थे और घुसपैठियों को घुसाने की कोशिश करते थे। अब टोही जासूसी विमान द्वारा रात के समय स्पैशल कैमरे फिट करके स्पार्किंग लाइट और बीम फेंक कर राजस्थान की बी.एस.एफ. में और बार्डर के ऊपर जो चौकियां हैं, उनमें आतंक फैलाने का प्रयास किया जा रहा है और साथ ही जासूसी भी की जा रही है। इसके माध्यम से उनका उद्देश्य सुरक्षा गतिविधियों की टोह लेना, सीमा सुरक्षा बल द्वारा अपनाई जा रही सुरक्षा की जानकारी लेना और घुसपैठियों और मादक पदार्थों के लिए रास्ता तलाशना है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से प्रार्थना करूंगा, क्योंकि कश्मीर और पंजाब में व्यवस्था मजबूत है, राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती इलाके में हमारी स्थिति उतनी मजबूत नहीं है, इसलिए उधर ध्यान देने की आवश्यकता है, पूरी सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।